Series CAB2D/2

**SET-2**

प्रश्न–पत्र कोड **4/2/2**

रोल नं. | | | | | | | | |

परीक्षार्थी प्रश्न–पत्र कोड को उत्तर–पुस्तिका के मुख–पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।

- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न–पत्र में मुद्रित पृष्ठ **15** हैं ।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न–पत्र में **18** प्रश्न हैं ।
- प्रश्न–पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए प्रश्न–पत्र कोड को परीक्षार्थी उत्तर–पुस्तिका के मुख–पृष्ठ पर लिखें ।
- **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर–पुस्तिका में प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।**
- इस प्रश्न–पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न–पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक परीक्षार्थी केवल प्रश्न–पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर–पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।

# हिन्दी (ब)
# HINDI (B)

*निर्धारित समय : 3 घण्टे* | *अधिकतम अंक : 80*



Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

**सामान्य निर्देश :**

**निम्नलिखित निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका सख़्ती से अनुपालन कीजिए :**

*(i)* *इस प्रश्न-पत्र में कुल **18** प्रश्न हैं । सभी प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य हैं ।*

*(ii)* *इस प्रश्न-पत्र में **दो** खंड हैं – **खंड–'अ'** और **खंड–'ब'** ।*

*(iii)* ***खंड–'अ'** में उपप्रश्नों सहित **45** बहुविकल्पी/वस्तुपरक प्रश्न पूछे गए हैं । दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए कुल **40** प्रश्नों के उत्तर लिखिए ।*

*(iv)* ***खंड–'ब'** में वर्णनात्मक प्रश्न पूछे गए हैं, आंतरिक विकल्प भी दिए गए हैं ।*

*(v)* *प्रश्नों के उत्तर दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए लिखिए ।*

*(vi)* *यथासंभव **दोनों** खंडों के प्रश्नों के उत्तर क्रमशः लिखिए ।*

## खंड – 'अ'

## (बहुविकल्पी/वस्तुपरक प्रश्न)

1. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर इसके आधार पर दिए गए प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए : **$5 \times 1 = 5$**

प्रायः ऐसा होता है, कोई भी वक्तव्य सुनने के बाद जब सुनने वालों से पूछें कि क्या बोला गया है, तो सौ लोगों के सौ जवाब मिलते हैं; जितने सुनने वाले, उतने ही अर्थ । इसलिए आपस में बड़े विवाद भी होते हैं । बुद्ध से एक बार उनके शिष्य ने पूछा, 'क्या हम वही सुन पाते हैं, जो आप बोलते हैं ? जब मैं दूसरों से बात करता हूँ, तो पता चलता है कि उन्होंने कुछ और सुना, जबकि मैंने कुछ और ।' बुद्ध ने कहा, "यह स्वाभाविक है । बोली तो एक ही बात जाती है, लेकिन सुनी उतनी जाती है जितने सुनने वाले हैं, क्योंकि तुम मन से सुनते हो, आत्मा से नहीं । कल रात मैंने अंतिम प्रवचन के बाद कहा कि–उठो; रात्रि का अंतिम कार्य करो । कल समागम में एक चोर और एक गृहस्थ भी आए थे । जब मैंने कहा कि अब रात्रि के अंतिम काम में संलग्न हो जाओ, तब तुम्हें ख्याल आया ध्यान का, चोर ने सोचा कि काफी रात हो गई, चाँद ऊपर चढ़ गया है, अब चौर्यकर्म का वक्त हुआ । गृहस्थ ने सोचा, बहुत देर हो गई, पता नहीं, घर जाने के लिए कोई वाहन अब मिलेगा भी या नहीं ? मैंने एक ही बात कही थी । गृहस्थ ने अपना अर्थ लिया और चोर ने अपना । फिर भिक्षुओं ने भी इसके अलग-अलग अर्थ ही लिए होंगे ।



Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

सुनना बहुत कठिन बात है, क्योंकि सुनने की कला वास्तव में कभी सिखाई नहीं जाती । बोलने की कला के तो बड़े प्रशिक्षण दिए जाते हैं । मगर यदि सुनने वाले सही न हों तो अर्थ का अनर्थ हो जाता है । सुनने के लिए आपका मन शांत और स्वीकार भाव में होना चाहिए ।

(i) कहे गए वक्तव्य का, अलग-अलग लोगों द्वारा अलग-अलग जवाब क्यों मिलता है ?

(A) प्रत्येक व्यक्ति द्वारा अपनी मनःस्थिति के अनुरूप अर्थ लगाने के कारण

(B) प्रत्येक व्यक्ति द्वारा अपनी योग्यता के अनुरूप अर्थ लगाने के कारण

(C) कही गई बात को ध्यान से न सुन पाने के कारण

(D) कही गई बात का महत्त्व न जानने के कारण

(ii) गद्यांश के आधार पर लोगों के बीच विवाद का कारण है –

(A) कही गई बात का अर्थ न समझ पाना । (B) स्वयं को दूसरे से श्रेष्ठ सिद्ध समझना ।

(C) अपनी ही बात को सही ठहराना । (D) अपने सामने दूसरों को महत्त्व न देना ।

(iii) शिष्य द्वारा बुद्ध से क्या पूछा गया ?

(A) संसार में लोगों के दुखों का कारण

(B) लोगों के बीच आपसी विवाद का कारण

(C) दो व्यक्तियों के बीच भिन्नता का कारण

(D) कही गई एक ही बात के भिन्न अर्थ ग्रहण करने का कारण

(iv) गृहस्थ की चिंता का क्या कारण था ?

(A) रात का काफी समय बीत जाना । (B) वाहन के न मिलने की आशंका ।

(C) बुद्ध की बातों का अर्थ न समझ पाना । (D) देर रात्रि में अकेले घर जाना ।

(v) सुनने के लिए आवश्यकता है –

(A) वक्ता की बात में स्पष्टता की

(B) आसपास के वातावरण में शांति की

(C) सहज सरल शब्दों में बात कही जाने की

(D) मन के शांत और स्वीकार भाव में होने की



Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

2. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर इसके आधार पर सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए : **5 × 1 = 5**

आज पूरी दुनिया में व्यापक जल संकट है । एक तरफ हिमनद (ग्लेशियर) का पिघलना और दूसरी तरफ बाढ़–सुखाड़ का बढ़ना आम होता जा रहा है । आमतौर पर नदियों में पानी घट रहा है । हिमनद जब पिघलता है, तो ऊपर नदियों के उद्गम के पास ही लोग उसका उपयोग कर लेते हैं । हिमनदों के पिघलने के कारण हमारे समुद्रों पर भी उसका दुष्प्रभाव पड़ रहा है । नदियों में जो सतत प्रवाह है, उसमें भी धीरे–धीरे संकट बढ़ता जा रहा है । जल–स्रोत संकट में आते जा रहे हैं । यह जो जल–स्रोत का संकट है, उससे बचने के उपाय भी बहुत साफ हैं । जहाँ हिमनद पिघल रहे हैं, उनके आस-पास जंगलों का होना जरूरी है । जंगल नहीं होते हैं, तो सूरज से आने वाली लाल गरमी वहाँ का तापमान बढ़ा देती है और उस तापमान के चलते हिमनद और तेजी से पिघलकर नीचे आने लगते हैं । जब वहाँ जंगल होते हैं, तो सूरज से आने वाली गरमी से धरती तपती नहीं है, उसे बुखार नहीं चढ़ता । हिमनदों के आस-पास के इलाकों में हरियाली बढ़ाना अब बहुत जरूरी है । इन इलाकों में होने वाले कटाव को भी रोकना चाहिए ।

आज नदियों और तालाबों की स्थिति भी अच्छी नहीं है । अधिकतर नदियाँ सूख गई हैं और जो बची हैं, वे मैला ढोनेवाली मालगाड़ी बन गई हैं । जिस देश में नदियाँ सूखती हैं, वहाँ की सभ्यता भी सूखने लगती है । नदियों का हमारी सभ्यताओं और जीवन से गहरा रिश्ता है ।

(i) उपर्युक्त गद्यांश में लेखक की चिंता का विषय है –

(A) पिघलते हिमनद (B) घटते वन प्रदेश

(C) प्रदूषित होती नदियाँ (D) बढ़ता जल संकट

(ii) गद्यांश के आधार पर ग्लेशियरों के पिघलने का कारण है –

(A) धरती का बढ़ता तापमान (B) बढ़ती प्राकृतिक आपदाएँ

(C) नदियों का सूख जाना (D) जल स्रोत का बढ़ता संकट

(iii) 'उसे बुखार नहीं चढ़ता' से अभिप्राय है –

(A) उसकी सेहत खराब नहीं होती ।

(B) मौसम का मिज़ाज नहीं बिगड़ता ।

(C) उसका (धरती का) तापमान नहीं बढ़ता ।

(D) वह हरी–भरी बनी रहती है ।



Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

(iv) निम्नलिखित में नदियों और सभ्यता के बीच के रिश्ते के विषय में क्या <u>असत्य</u> है ?

(A) दोनों एक-दूसरे पर आश्रित हैं ।

(B) नदियों के किनारे ही सभ्यता का विकास हुआ है ।

(C) नदियों के न रहने से सभ्यता का अंत निश्चित है ।

(D) विश्व की प्राचीन सभ्यता नदियों के किनारे ही पनपी ।

(v) 'दो तिहाई नदियाँ मैला ढोनेवाली मालगाड़ी बन गई हैं' –

पंक्ति का आशय है –

(A) अत्यधिक गर्मी के कारण सूख गई हैं । (B) प्रदूषण के कारण काली पड़ गई हैं ।

(C) ये नदियाँ शहरी कचरा ढो रही हैं । (D) मालगाड़ी की तरह चल रही हैं ।

3. निर्देशानुसार पदबंध पर आधारित निम्नलिखित **पाँच** बहुविकल्पी प्रश्नों में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : **4 × 1 = 4**

(i) निम्नलिखित में से क्रिया-विशेषण पदबंध का उदाहरण है :

(A) <u>महंतजी देश के</u> कोने-कोने से साधुओं को बुलाएँगे ।

(B) महंतजी देश के <u>कोने-कोने से साधुओं को</u> बुलाएँगे ।

(C) महंतजी <u>देश के कोने-कोने से</u> साधुओं को बुलाएँगे ।

(D) महंतजी देश के कोने-कोने से <u>साधुओं को बुलाएँगे</u> ।

(ii) 'एक नौकर रख लिया है, वही उन्हें <u>बनाता-खिलाता है</u> ।' रेखांकित पदबंध का भेद है –

(A) संज्ञा पदबंध (B) क्रिया पदबंध

(C) सर्वनाम पदबंध (D) क्रिया-विशेषण पदबंध

(iii) 'दूसरे वर्ग में गाँव के प्रगतिशील विचारों वाले लोग हैं ।' इस वाक्य में विशेषण पदबंध का उदाहरण है –

(A) दूसरे वर्ग में (B) गाँव के प्रगतिशील

(C) प्रगतिशील विचारों वाले (D) विचारों वाले लोग हैं



Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

(iv) 'एक साफ-सुथरे कमरे में पलंग पर बिस्तरा लगाकर उनके आराम का प्रबंध करें ।' इस वाक्य में रेखांकित पदबंध का भेद है –

(A) संज्ञा पदबंध (B) सर्वनाम पदबंध

(C) विशेषण पदबंध (D) क्रिया पदबंध

(v) 'हरिहर काका के परिवार के पास कुल साठ बीघे खेत हैं ।' – इस वाक्य में संज्ञा पदबंध का उदाहरण नहीं है –

(A) हरिहर काका के परिवार (B) परिवार के पास

(C) साठ बीघे खेत (D) कुल साठ बीघे खेत

4. निर्देशानुसार 'रचना के आधार पर वाक्य-भेद' पर आधारित **पाँच** बहुविकल्पी प्रश्नों में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : **4 × 1 = 4**

(i) निम्नलिखित में से उपयुक्त सरल वाक्य छाँटकर लिखिए :

(A) परंतु याद नहीं कि उन्हें तोड़कर, सूँघकर फिर क्या करते ।

(B) पहले दो-तीन सप्ताह तो खूब खेल-कूद हुआ करती ।

(C) कपड़े उतार पानी में कूद जाते और बाहर निकल रेत पर लोटने लगते ।

(D) जैसे-जैसे दिन 'छोटे' होने लगते स्कूल का भय बढ़ने लगता ।

(ii) 'मास्टरों ने जो छुट्टियों में करने के लिए काम दिया होता उसका हिसाब लगाने लगते ।' रचना के आधार पर वाक्य-भेद है –

(A) सरल वाक्य (B) संयुक्त वाक्य

(C) मिश्र वाक्य (D) साधारण वाक्य



Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

(iii) स्तंभ–1 और स्तंभ–2 को सुमेलित कीजिए और सही विकल्प चुनकर लिखिए।

| | **स्तंभ – 1** | | **स्तंभ – 2** |
|---|---|---|---|
| (1) | हमारे दो परिवारों में मैं पहला लड़का था जो स्कूल जाने लगा था। | (I) | सरल वाक्य |
| (2) | हमारे दोनों परिवारों में स्कूल जाने वाला मैं पहला लड़का था। | (II) | संयुक्त वाक्य |
| (3) | हमारे दो परिवार थे और मैं स्कूल जाने वाला पहला लड़का था। | (III) | मिश्र वाक्य |

(A) (1-II), (2-III), (3-I)
(B) (1-III), (2-I), (3-II)
(C) (1-I), (2-II), (3-III)
(D) (1-III), (2-II), (3-I)

(iv) निम्नलिखित वाक्यों में मिश्र वाक्य है :

(A) लोगों को फौज़ में भरती करने के लिए कुछ अफसर आते।

(B) मास्टर प्रीतमचंद को स्कूल के समय कभी भी मुसकराते नहीं देखा था।

(C) परंतु फ़ारसी भाषा जो थी वह तो अंग्रेजी से भी मुश्किल थी।

(D) पाँचवीं श्रेणी में अंग्रेजी भाषा की पढ़ाई शुरू होती थी।

(v) 'अनपढ़ होते हुए भी हरिहर काका को दुनिया की बेहतर समझ है।' – इस वाक्य का संयुक्त वाक्य होगा –

(A) यद्‌यपि हरिहर काका अनपढ़ है फिर भी उन्हें दुनिया की बेहतर समझ है।

(B) अनपढ़ हरिहर काका को दुनिया की बेहतर समझ है।

(C) हरिहर काका अनपढ़ है परंतु उन्हें दुनिया की बेहतर समझ है।

(D) अनपढ़ हरिहर काका द्‌वारा दुनिया की बेहतर समझ रखी जाती थी।

5. निर्देशानुसार 'समास' पर आधारित निम्नलिखित **पाँच** बहुविकल्पी प्रश्नों में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के सही उत्तर वाले विकल्पों को चुनकर लिखिए : **4 × 1 = 4**

(i) 'गिरिधर' समस्तपद कौन–से समास का उदाहरण है ?

(A) द्विगु समास
(B) बहुव्रीहि समास
(C) तत्पुरुष समास
(D) अव्ययीभाव समास



Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

(ii) 'चंद्रमुखी' समस्तपद का विग्रह होगा –

(A) चंद्रमा के समान मुख वाली
(B) चंद्रमा के समान मुख
(C) चंद्र रूपी मुख
(D) मुख रूपी चंद्र

(iii) निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिए :

| | **समस्तपद** | | **समास** |
|---|---|---|---|
| (1) | तीव्र है बुद्धि जिसकी | (I) | द्विगु समास |
| (2) | हाथ और पैर | (II) | कर्मधारय समास |
| (3) | छह रसों का समाहार | (III) | बहुव्रीहि समास |
| (4) | स्त्री रूपी रत्न | (IV) | द्वंद्व समास |

उपर्युक्त युग्मों को सुमेलित कीजिए और सही विकल्प चुनकर लिखिए :

(A) (1-II), (2-III), (3-IV), (4-I)
(B) (1-I), (2-II), (3-IV), (4-III)
(C) (1-III), (2-IV), (3-I), (4-II)
(D) (1-IV), (2-III), (3-II), (4-I)

(iv) 'प्राणप्रिय' समस्तपद के लिए सही समास-विग्रह और समास के नाम का चयन कर लिखिए :

(A) प्राणों के समान प्रिय है जो – बहुव्रीहि समास
(B) प्राणों में प्रिय – अव्ययीभाव समास
(C) प्राणों की प्रिय – तत्पुरुष समास
(D) प्राणों के समान प्रिय – कर्मधारय समास

(v) निम्नलिखित में द्विगु समास का उपयुक्त उदाहरण छाँटकर लिखिए :

(A) पंजाब
(B) निर्दय
(C) तपोधन
(D) महावीर



Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

6. निर्देशानुसार 'मुहावरे' पर आधारित निम्नलिखित **छह** बहुविकल्पी प्रश्नों में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के सही उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए : **4 × 1 = 4**

(i) मुहावरे और अर्थ के उचित मेल वाले विकल्प का चयन कर लिखिए :

(A) हिम्मत टूटना – हार मान लेना (B) आँख फोड़ना – शत्रु को हराना

(C) लाज रखना – सम्मान की रक्षा करना (D) दबे पाँव आना – धीरे-धीरे आना

(ii) 'बहुत आसान काम' – अर्थ के लिए उपयुक्त मुहावरा है –

(A) बाएँ हाथ का खेल (B) तीर मारना

(C) छुट्टी करना (D) तरस खाना

(iii) 'सुराग न मिलना' – मुहावरे का अर्थ है –

(A) पता/जानकारी न मिलना (B) उपाय न मिलना

(C) बिखर जाना (D) रहस्यमय ढंग से रहना

(iv) रेखांकित अंश के लिए कौन-सा मुहावरा उचित रहेगा ?

'परीक्षा में प्रथम आने के लिए बहुत <u>मेहनत करनी पड़ती है</u> ।'

(A) पापड़ बेलना (B) आँख बचाना

(C) दिन गिनना (D) हाय-हाय करना

(v) "पिता ______ की तरह दिन-रात काम में लगे रहते हैं और इसे मौज़ मस्ती से फ़ुरसत नहीं है ।" – रिक्त स्थान की पूर्ति के लिए उपयुक्त मुहावरा चयन कर लिखिए ।

(A) ख़ाक छानना (B) अड़ियल टट्टू

(C) कोल्हू का बैल (D) दूध की मक्खी

(vi) निम्नलिखित में से 'ऊँचाई पर होना' अर्थ के लिए उचित मुहावरा है –

(A) खुशी का ठिकाना न रहना (B) लोहे के चने चबाना

(C) तीर मारना (D) सातवें आसमान पर होना



Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

7. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर उस पर आधारित दिए गए प्रश्नों के उत्तर के लिए सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए : **5 × 1 = 5**

दुनिया कैसे वजूद में आई ? पहले क्या थी ? किस बिंदु से इसकी यात्रा शुरू हुई ? इन प्रश्नों के उत्तर विज्ञान अपनी तरह से देता है, धार्मिक ग्रंथ अपनी-अपनी तरह से । संसार की रचना भले ही कैसे हुई हो लेकिन धरती किसी एक की नहीं है । पंछी, मानव, पशु, नदी, पर्वत, समंदर आदि की इसमें बराबर की हिस्सेदारी है । यह और बात है कि इस हिस्सेदारी में मानव जाति ने अपनी बुद्धि से बड़ी-बड़ी दीवारें खड़ी कर दी हैं । पहले पूरा संसार एक परिवार के समान था अब टुकड़ों में बँटकर एक-दूसरे से दूर हो चुका है । पहले बड़े-बड़े दालानों-आँगनों में सब मिल-जुलकर रहते थे, अब छोटे-छोटे डिब्बे जैसे घरों में जीवन सिमटने लगा है । बढ़ती हुई आबादियों ने समंदर को पीछे सरकाना शुरू कर दिया है, पेड़ों को रास्तों से हटाना शुरू कर दिया है, फैलते हुए प्रदूषण ने पंछियों को बस्तियों से भगाना शुरू कर दिया है । बारूदों की विनाशलीलाओं ने वातावरण को सताना शुरू कर दिया । अब गरमी में ज़्यादा गरमी, बेवक्त की बरसातें, ज़लज़ले, सैलाब, तूफान और नित नए रोग, मानव और प्रकृति के इसी असंतुलन के परिणाम हैं ।

(i) गद्यांश में आई पंक्ति – 'पहले पूरा संसार एक परिवार के समान था अब टुकड़ों में बँटकर एक-दूसरे से दूर हो चुका है ।' का भाव है –

(A) संसार देश और प्रांत में बँट चुका है ।

(B) संयुक्त परिवार एकल परिवारों में बँट गए हैं ।

(C) वसुधैव कुटुम्बकम् की भावना समाप्त हो गई है ।

(D) एक देश से दूसरे देश को जाना कठिन हो गया है ।

(ii) गद्यांश में प्रयुक्त 'छोटे-छोटे डिब्बे जैसे घर' – संकेत करते हैं –

(A) फ़्लैट संस्कृति की ओर
(B) छोटे-छोटे घरों की ओर
(C) एक कमरे के घरों की ओर
(D) बहुमंजिला इमारतों की ओर

(iii) बढ़ती हुई आबादी को बसाने के लिए क्या नहीं किया गया ?

(A) समंदर की जमीन को हथियाना शुरू कर दिया गया ।

(B) वन प्रदेश का सफाया करना शुरू कर दिया गया ।

(C) पशु-पक्षियों को घर से बेघर कर दिया गया ।

(D) खनिज पदार्थों का मनमाना दोहन किया गया ।



Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

(iv) गद्यांश के अनुसार बढ़ती प्राकृतिक आपदाएँ परिणाम हैं –

(A) दिनोंदिन बढ़ने वाले प्रदूषण का (B) मनुष्य के बढ़ते लालच का

(C) मानव और प्रकृति के बीच असंतुलन का (D) पर्वतीय प्रदेशों में होने वाले कटाव का

(v) निम्नलिखित कथन तथा कारण को ध्यानपूर्वक पढ़िए और दिए गए विकल्पों में से कोई एक सही विकल्प चुनकर लिखिए :

**कथन :** फैलते हुए प्रदूषण ने पंछियों को बस्तियों से भगाना शुरू कर दिया है ।

**कारण :** मानव ने अपनी बुद्धि से बड़ी-बड़ी दीवारें खड़ी कर दी हैं ।

(A) कथन तथा कारण दोनों गलत हैं ।

(B) कथन गलत है, लेकिन कारण सही है ।

(C) कथन सही है, लेकिन कारण उसकी गलत व्याख्या करता है ।

(D) कथन तथा कारण दोनों सही हैं तथा कारण कथन की सही व्याख्या करता है ।

8. गद्य खंड पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर देने के लिए सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प को चुनकर लिखिए : **2 × 1 = 2**

(i) 'तीसरी कसम के शिल्पकार शैलेंद्र' पाठ के आधार पर उत्तर दीजिए कि फिल्मों में त्रासद स्थितियों की भी प्रशंसा (ग्लोरीफाई) क्यों की जाती है ?

(A) अधिक से अधिक धन कमाने हेतु (B) दर्शकों का मनोरंजन करने हेतु

(C) अधिकाधिक लोकप्रियता पाने हेतु (D) दर्शकों का भावात्मक शोषण करने हेतु

(ii) 'बड़े भाई साहब' पाठ के कथानायक के आँसू बहाने का कारण है –

(A) आगे की कक्षा की कठिन पढ़ाई का डर (B) बड़े भाई साहब की डाँट-फटकार

(C) अम्मा-बाबा की याद आना (D) अध्यापकों की डाँट-फटकार



Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

9. निम्नलिखित पठित पद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर उस पर आधारित दिए गए प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए : $5 \times 1 = 5$

कस्तूरी कुंडलि बसै, मृग ढूँढ़ै बन माँहि ।
ऐसैं घटि घटि राँम है, दुनियाँ देखै नाँहिं ।।
जब मैं था तब हरि नहीं, अब हरि हैं मैं नाँहि ।
सब अँधियारा मिटि गया, जब दीपक देख्या माँहि ।।

(i) 'कस्तूरी कुंडलि बसै ...' दोहे में किसका वर्णन किया गया है ?

(A) कस्तूरी ढूँढ़ने वाले मृग का
(B) सांसारिकता में लीन मानव का
(C) अपनी ही विशेषता से अनजान मनुष्य का
(D) ईश्वर की सर्वव्यापकता का

(ii) 'जब मैं था तब हरि नहीं' पंक्ति में 'मैं' से अभिप्राय है –

(A) अहंकार की भावना
(B) स्वार्थ की भावना
(C) सांसारिक माया-मोह
(D) स्वयं कवि

(iii) 'जब मैं था तब हरि नहीं' दोहे के अनुसार हृदय में ईश्वर का निवास कब तक असंभव है ?

(A) जब तक सच्चे हृदय से उसे याद न किया जाए ।
(B) जब तक सांसारिक विषय-वासनाओं को न छोड़ा जाए ।
(C) जब तक अहंकारपूर्ण व्यवहार का नाश न किया जाए ।
(D) जब तक सच्चे हृदय से उसकी सेवा न की जाए ।

(iv) 'जब दीपक देख्या माँहि' – पंक्ति में 'दीपक' प्रतीकार्थ है –

(A) प्रभु प्रेम के प्रकाश का
(B) रोशनी के साधन का
(C) प्रकाश का
(D) संपन्नता का

(v) निम्नलिखित कथन तथा कारण को ध्यानपूर्वक पढ़िए और दिए गए विकल्पों में से कोई एक सही विकल्प चुनकर लिखिए :

**कथन** : ईश्वर सृष्टि के कण-कण में निवास करते हैं पर हम उन्हें देख नहीं पाते ।

**कारण** : मनुष्य के पास दिव्य-दृष्टि नहीं है ।

(A) कथन तथा कारण दोनों गलत हैं ।
(B) कथन गलत है, लेकिन कारण सही है ।
(C) कथन सही है, लेकिन कारण उसकी गलत व्याख्या करता है ।
(D) कथन तथा कारण दोनों सही हैं तथा कारण कथन की सही व्याख्या करता है ।



Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

10. काव्य-खंड पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर देने के लिए सर्वाधिक उचित विकल्प का चयन कर लिखिए : **2 × 1 = 2**

(i) 'एक दूसरे का सहारा बनते हुए निरंतर आगे बढ़ो' इस भाव को व्यक्त करने वाली पंक्ति है –

(A) रहो न यों कि एक से न काम और का सरे

(B) अतर्क एक पंथ के सतर्क पंथ हो सभी

(C) परस्परावलंब से उठो तथा बढ़ो सभी

(D) तभी समर्थ भाव है कि तारता हुआ तरे

(ii) 'पर्वत प्रदेश में पावस' कविता के आधार पर लिखिए कि जल में बार-बार कौन झाँक रहा है ।

(A) पर्वत

(B) झरना

(C) तरुवर

(D) पुष्प

## खंड – 'ब'

### (वर्णनात्मक प्रश्न)

11. गद्य खंड पर आधारित निम्नलिखित **तीन** प्रश्नों में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर लगभग **60** शब्दों में दीजिए : **2 × 3 = 6**

(क) 'बड़े भाई साहब' कहानी से उद्धृत पंक्ति – 'बुनियाद ही पुख्ता न हो तो, मकान कैसे पायदार बने ।' – का आशय स्पष्ट कीजिए ।

(ख) 'तीसरी कसम के शिल्पकार शैलेंद्र' पाठ के आधार पर सिद्ध कीजिए कि सिनेमा की चकाचौंध के बीच रहते हुए भी शैलेंद्र यश और धन-लिप्सा से कोसों दूर थे ।

(ग) 'कारतूस' एकांकी के आधार पर लिखिए कि लेफ्टीनेंट को वजीर अली 'भूत' क्यों नज़र आ रहा था ?

12. काव्य खंड पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर लगभग **60** शब्दों में दीजिए : **2 × 3 = 6**

(क) 'कर चले हम फिदा' कविता से उद्धृत – 'साँस थमती गई, नब्ज़ जमती गई' – पंक्ति के संदर्भ में सैनिक जीवन की कठिनाइयों का उल्लेख कीजिए ।

(ख) 'तोप' कविता के आधार पर लिखिए कि पूर्वजों से मिली धरोहर का क्या महत्त्व है ? इन्हें सँभालकर क्यों रखा जाता है ?

(ग) मीरा के 'पद' के आधार पर लिखिए कि द्रौपदी, प्रह्लाद आदि का उल्लेख कर मीरा भगवान को उनका कौन-सा रूप स्मरण करवा रही है और क्यों ?



Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

13. पूरक पाठ्यपुस्तक पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर लगभग **60** शब्दों में दीजिए : **2 × 3 = 6**

(क) हरिहर काका की जमीन हड़पने के लिए महंत द्वारा धर्म, माया-मोह का सहारा लिया गया, अपहरण करवाया गया। उनका ऐसा करना आपकी दृष्टि में कितना उचित है ? तर्कपूर्ण उत्तर दीजिए।

(ख) 'उम्र का फासला आत्मीय संबंधों में बाधा नहीं बनता।' 'हरिहर काका' और 'टोपी शुक्ला' कहानी के आधार पर सिद्ध कीजिए।

(ग) 'सपनों के से दिन' पाठ के आधार पर लिखिए कि बच्चों का खेलकूद में अधिक रुचि लेना अभिभावकों को अप्रिय क्यों लगता है ? पढ़ाई के साथ खेलों का छात्र जीवन में क्या महत्त्व है ? इससे किन जीवन-मूल्यों की प्रेरणा मिलती है ?

14. निम्नलिखित में से किसी **एक** विषय पर दिए गए संकेत-बिंदुओं के आधार पर लगभग **100** शब्दों में अनुच्छेद लिखिए : **5**

(क) ध्वनि प्रदूषण

संकेत बिंदु – • अर्थ • इसके कारण • हानि • समाधान

(ख) मेरा प्रिय खिलाड़ी

संकेत बिंदु – • नाम • प्रिय लगने के गुण/कारण • उनके जैसा बनने की इच्छा

(ग) परहित सरिस धर्म नहि भाई

संकेत बिंदु – • अर्थ • जीवन की सार्थकता • आनंद का स्रोत

15. (क) अपने विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा निर्मित हस्तकला की वस्तुओं की प्रदर्शनी के प्रचार-प्रसार हेतु लगभग **40** शब्दों में एक आकर्षक विज्ञापन तैयार कीजिए। **3**

**अथवा**

(ख) किसी दैनिक समाचार-पत्र में प्रकाशित करने के लिए विज्ञापन का प्रारूप लगभग **40** शब्दों में तैयार कीजिए जिसमें आपके पिताजी द्वारा बेची जाने वाली कार की विस्तृत जानकारी दी गई हो। **3**



Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

16. (क) अपने आपको राजकीय माध्यमिक विद्यालय के छात्र कल्याण परिषद् का अध्यक्ष रवि/रवीना मानते हुए अपने ही विद्यालय के सेवानिवृत्त प्राचार्य को विद्यालय में आयोजित खेल दिवस के कार्यक्रम में अध्यक्ष पद हेतु आमंत्रित करते हुए लगभग **100** शब्दों में पत्र लिखिए । **5**

**अथवा**

(ख) आपका नाम दीपक/दीपिका है । आपकी दसवीं कक्षा की अंक-सूची कही खो गई है । अंक-सूची की द्वितीय प्रति मँगवाने हेतु क.ख.ग. बोर्ड को लगभग **100** शब्दों में प्रार्थना-पत्र लिखिए । **5**

17. (क) आपके विद्यालय में आपदा प्रबंधन कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है । छात्र कल्याण परिषद् के सचिव होने के नाते कक्षा **9** से **12** तक सभी छात्रों को इस कार्यशाला की विस्तृत जानकारी देते हुए लगभग **60** शब्दों में एक सूचना-पत्र तैयार कीजिए । **4**

**अथवा**

(ख) ग्रीष्मावकाश के दौरान आपके विद्यालय में छात्राओं के लिए आत्मरक्षा शिविर का आयोजन किया जा रहा है । शारीरिक शिक्षा अध्यापक की ओर से कक्षा **6** से **12** तक सभी छात्राओं को इस शिविर की विस्तृत जानकारी देने हेतु लगभग **60** शब्दों में एक सूचना-पत्र तैयार कीजिए । **4**

18. (क) 'सबसे बड़ा खजाना' विषय पर लगभग **100** शब्दों में एक लघुकथा लिखिए । **5**

**अथवा**

(ख) अपने नये मकान में गृह प्रवेश के उपलक्ष्य में आयोजित प्रीतिभोज में सम्मिलित होने के लिए अपने मित्र को ई-मेल द्वारा निमंत्रण भेजिए जिसमें सपरिवार पधारने का निवेदन किया गया हो । **5**



Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

<u>**अत्यंत गोपनीय-केवल आंतरिक एवं सीमित प्रयोग हेतु**</u>

**सेकेंडरी स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा, 2023-24**

**अंक-योजना**

**हिंदी 'ब' विषय कोड—085**

**प्रश्न-पत्र कोड-- 4/2/1, 4/2/2, 4/2/3**

सामान्य निर्देश:-

1. आप जानते हैं कि परीक्षार्थियों के सही और उचित आकलन के लिए उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन एक महत्त्वपूर्ण प्रक्रिया है। मूल्यांकन में एक छोटी-सी भूल भी गंभीर समस्या को जन्म दे सकती है, जो परीक्षार्थियों के भविष्य, शिक्षा- प्रणाली और अध्यापन-व्यवस्था को भी प्रभावित कर सकती है। इससे बचने के लिए अनुरोध किया जाता है कि मूल्यांकन प्रारंभ करने से पूर्व ही आप मूल्यांकन निर्देशों को पढ़ और समझ लें।

2. मूल्यांकन नीति एक गोपनीय नीति है क्योंकि यह आयोजित परीक्षाओं की गोपनीयता, किये गए मूल्यांकन तथा कई अन्य पहलुओं से संबंधित है | इसका किसी भी तरह से सार्वजनिक रूप से लीक होना परीक्षा- प्रणाली के पटरी से उतरने का कारण बन सकता है और लाखों परीक्षार्थियों के जीवन और भविष्य को प्रभावित कर सकता है | इस नीति /दस्तावेज को किसी को भी साझा करना, किसी पत्रिका में प्रकाशित करना और समाचार पत्र/वेबसाइट आदि में छापना IPC के तहत कार्यवाही को आमंत्रित कर सकता है |

3. मूल्यांकन अंक-योजना में दिए गए निर्देशों के अनुसार ही किया जाना चाहिए, अपनी व्यक्तिगत व्याख्या या किसी अन्य धारणा के अनुसार नहीं। यह अनिवार्य है कि अंक-योजना का अनुपालन पूरी तरह और निष्ठापूर्वक किया जाए। हालाँकि, मूल्यांकन करते समय नवीनतम सूचना और ज्ञान पर आधारित अथवा नवाचार पर आधारित उत्तरों को उनकी सत्यता और उपयुक्तता को परखते हुए पूरे अंक दिए जाएँ।

4. मुख्य परीक्षक प्रत्येक मूल्यांकनकर्ता के द्वारा पहले दिन जाँची गई उत्तर-पुस्तिकाओं के मूल्यांकन की जाँच ध्यानपूर्वक करे और आश्वस्त हो कि मूल्यांकन-योजना में दिए गए निर्देशों के अनुसार ही मूल्यांकन किया जा रहा है। परीक्षकों को बाकी उत्तर-पुस्तिकाएँ तभी दी जाएँ जब वह आश्वस्त हो कि उनके अंकन में कोई भिन्नता नहीं है।

5. परीक्षक सही उत्तर पर सही का निशान (√) लगाएँ और गलत उत्तर पर गलत का (×) । मूल्यांकन-कर्ता द्वारा ऐसा चिह्न न लगाने से ऐसा समझ में आता है कि उत्तर सही है परंतु उस पर अंक नहीं दिए गए। परीक्षकों द्वारा यह भूल सर्वाधिक की जाती है।

6. यदि किसी प्रश्न का उपभाग हो तो कृपया प्रश्नों के उपभागों के उत्तरों पर दायीं ओर अंक दिए जाएँ। बाद में इन उपभागों के अंकों का योग बायीं ओर के हाशिये में लिखकर उसे गोलाकृत कर दिया जाए। इसका अनुपालन दृढ़तापूर्वक किया जाए।

7. यदि किसी प्रश्न का कोई उपभाग न हो तो बायीं ओर के हाशिये में अंक दिए जाएँ और उन्हें गोलाकृत किया जाए। इसके अनुपालन में भी दृढ़ता बरती जाए।



Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

8. यदि परीक्षार्थी ने किसी प्रश्न का उत्तर दो स्थानों पर लिख दिया है और किसी को काटा नहीं है तो जिस उत्तर पर अधिक अंक प्राप्त हो रहे हों, उस पर अंक दें और दूसरे को काट दें। यदि परीक्षार्थी ने अतिरिक्त प्रश्न/प्रश्नों का उत्तर दे दिया है तो जिन उत्तरों पर अधिक अंक प्राप्त हो रहे हों उन्हें ही स्वीकार करें/ उन्हीं पर अंक दें।

9. एक ही प्रकार की अशुद्धि बार-बार हो तो उसे अनदेखा करें और उस पर अंक न काटे जाएँ।

10. यहाँ यह ध्यान रखना होगा कि मूल्यांकन में संपूर्ण अंक पैमाने 0 – 80 (उदाहरण 0--80 अंक जैसा कि प्रश्न-पत्र में दिया गया है) का प्रयोग अभीष्ट है अर्थात परीक्षार्थी ने यदि सभी अपेक्षित उत्तर-बिंदुओं का उल्लेख किया है तो उसे पूरे अंक देने में संकोच न करें।

11. प्रत्येक परीक्षक को पूर्ण कार्य-अवधि में अर्थात 8 घंटे प्रतिदिन अनिवार्य रूप से मूल्यांकन कार्य करना है। (विस्तृत विवरण 'स्पॉट गाइडलाइन' में दिया गया है)

12. यह सुनिश्चित करें कि आप निम्नलिखित प्रकार की त्रुटियाँ न करें जो पिछले वर्षों में की जाती रही हैं-

- उत्तर पुस्तिका में किसी उत्तर या उत्तर के अंश को जाँचे बिना छोड़ देना।
- उत्तर के लिए निर्धारित अंकों से अधिक अंक देना।
- उत्तर में दिए गए अंकों का योग ठीक न होना।
- उत्तर-पुस्तिका के अंदर दिए गए अंकों का आवरण पृष्ठ पर सही अंतरण न होना।
- आवरण पृष्ठ पर प्रश्नानुसार योग करने में अशुद्धि।
- योग करने में अंकों और शब्दों में अंतर होना।
- उत्तर पुस्तिकाओं से ऑनलाइन अंकसूची में सही अंतरण न होना।
- कुल अंकों के योग में अशुद्धि।
- उत्तरों पर सही का चिह्न (√) लगाना किंतु अंक न देना।

13. प्रत्येक परीक्षक यह भी सुनिश्चित करेगा कि सभी उत्तरों का मूल्यांकन किया जाए, शीर्षक पृष्ठ की गई प्रविष्टि सही हो तथा कुल अंकों को आंकड़ों और शब्दों में लिखे।

14. उम्मीदवार निर्धारित प्रसंस्करण शुल्क के भुगतान पर अनुरोध कर उत्तर-पुस्तिका की फोटोकॉपी प्राप्त करने के हकदार हैं। अतः सभी मुख्य परीक्षकों/ अतिरिक्त मुख्य परीक्षकों/ परीक्षकों/ समन्वयकों को एक बार फिर से याद दिलाया जाता है कि उन्हें यह सुनिश्चित करना चाहिए कि मूल्यांकन योजना में दिए गए प्रत्येक उत्तर के लिए मूल्य-बिंदुओं के अनुसार मूल्यांकन किया जाए।



Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

# अंक योजना

## हिंदी 'ब'(085)

| प्रश्न सं. | 4/2/1 | 4/2/2 | 4/2/3 | मूल्यांकन बिंदु | अंक |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | **खंड - 'अ'**<br>**(बहुविकल्पी/वस्तुपरक प्रश्नों के उत्तर)** | |
| **1** | **1** | **2** | **1** | **अपठित गद्यांश** पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्न : | **5 x 1**<br>**= 5** |
| | (i) | (i) | (i) | (D) बढ़ता जल संकट | |
| | (ii) | (ii) | (ii) | (A) धरती का बढ़ता तापमान | |
| | (iii) | (iii) | (iii) | (C) उसका (धरती का) तापमान नहीं बढ़ता। | |
| | (iv) | (iv) | (iv) | (A) दोनों एक-दूसरे पर आश्रित हैं। | |
| | (v) | (v) | (v) | (C) ये नदियाँ शहरी कचरा ढो रही हैं। | |
| **2** | **2** | **1** | **2** | **अपठित गद्यांश** पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्न : | **5 x 1**<br>**= 5** |
| | (i) | (i) | (i) | (A) प्रत्येक व्यक्ति द्वारा अपनी मन:स्थिति के अनुरूप अर्थ लगाने के कारण | |
| | (ii) | (ii) | (ii) | (A) कही गई बात का अर्थ न समझ पाना। | |
| | (iii) | (iii) | (iii) | (D) कही गई एक ही बात के भिन्न अर्थ ग्रहण करने का कारण | |
| | (iv) | (iv) | (iv) | (B) वाहन के न मिलने की आशंका। | |
| | (v) | (v) | (v) | (D) मन के शांत और स्वीकार भाव में होने की | |
| **3** | **3** | **3** | **3** | **'पदबंध'** पर आधारित पाँच बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर अपेक्षित : | **4 x 1**<br>**= 4** |
| | (i) | - | - | (A) संज्ञा पदबंध | |
| | (ii) | - | - | (C) पेटू और चटोर किस्म के | |
| | (iii) | - | - | (B) रमेसर के भाइयों ने रमेसर की विधवा को बहला-फुसलाकर ज़मीन अपने नाम लिखवा ली। | |
| | (iv) | - | - | (A) क्रिया पदबंध | |
| | (v) | - | - | (D) इलाके के मशहूर डाकू बुटन सिंह | |
| | - | (i) | - | (C) महंतजी देश के कोने-कोने से साधुओं को बुलाएँगे। | |
| | - | (ii) | - | (B) क्रिया पदबंध | |
| | - | (iii) | - | (C) प्रगतिशील विचारों वाले | |
| | - | (iv) | - | (A) संज्ञा पदबंध | |



Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | - | (v) | - | (B) परिवार के पास | |
| | - | - | (i) | (D) क्रिया पदबंध | |
| | - | - | (ii) | (A) हरिहर काका ने एकांत में मुझसे काफी देर तक बात की। | |
| | - | - | (iii) | (A) संज्ञा पदबंध | |
| | - | - | (iv) | (C) जाल में फँसी | |
| | - | - | (v) | (B) महंत की चिकनी-चुपड़ी बातों | |
| 4 | 4 | 4 | 4 | **'रचना के आधार पर वाक्य भेद'** पर आधारित पाँच बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर अपेक्षित : | **4 x 1 = 4** |
| | (i) | - | - | (B) मुन्नी बाबू के लिए कोट का नया कपड़ा आया। | |
| | (ii) | - | - | (C) मिश्र वाक्य | |
| | (iii) | - | - | (B) (1 – III), (2 – I), (3 – II) | |
| | (iv) | - | - | (C) बचपन की जो यादें होती हैं वह मन को गुदगुदाने वाली होती हैं। | |
| | (v) | - | - | (D) हम बहुत छोटे थे इसलिए उनकी बोली कम समझ पाते थे। | |
| | - | (i) | - | (B) पहले दो-तीन सप्ताह तो खूब खेल-कूद हुआ करती। | |
| | - | (ii) | - | (C) मिश्र वाक्य | |
| | - | (iii) | - | (B) (1 – III), (2 – I), (3 – II) | |
| | - | (iv) | - | (C) परंतु फ़ारसी भाषा जो थी वह तो अंग्रेजी से भी मुश्किल थी। | |
| | - | (v) | - | (C) हरिहर काका अनपढ़ है परंतु उन्हें दुनिया की बेहतर समझ है। | |
| | - | - | (i) | (A) हरिहर ने देर तक अपने बयान दर्ज़ कराए। | |
| | - | - | (ii) | (C) मिश्र वाक्य | |
| | - | - | (iii) | (B) (1 – III), (2 – I), (3 – II) | |
| | - | - | (iv) | (C) जब बेटे की शादी का दिन आया तो उनका दिल गाने-बजाने के लिए फड़का। | |
| | - | - | (v) | (B) पेट में सात सुइयाँ भुकीं और टोपी के होश ठिकाने आए। | |



Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 5 | 5 | 5 | **'समास'** पर आधारित पाँच बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर अपेक्षित : | **4 x 1 = 4** |
| | (i) | - | - | (D) तत्पुरुष समास | |
| | (ii) | - | - | (A) देश से निर्वासित | |
| | (iii) | - | - | (C) (1 – III), (2 – IV), (3 – I), (4 – II) | |
| | (iv) | - | - | (B) मेघ के समान नाद है जिसका – बहुव्रीहि | |
| | (v) | - | - | (B) नवनिधि | |
| | - | (i) | - | (B) बहुव्रीहि समास | |
| | - | (ii) | - | (A) चंद्रमा के समान मुख वाली | |
| | - | (iii) | - | (C) (1 – III), (2 – IV), (3 – I), (4 – II) | |
| | - | (iv) | - | (D) प्राणों के समान प्रिय – कर्मधारय समास | |
| | - | (v) | - | (A) पंजाब | |
| | - | - | (i) | (C) बहुव्रीहि समास | |
| | - | - | (ii) | (B) लोक में प्रिय | |
| | - | - | (iii) | (D) (1 – I), (2 – III), (3 – IV), (4 – II) | |
| | - | - | (iv) | (A) दस हैं कंधे जिसके – बहुव्रीहि समास | |
| | - | - | (v) | (C) प्रसंगानुकूल | |
| 6 | 6 | 6 | 6 | **'मुहावरे'** पर आधारित छह बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर अपेक्षित : | **4 x 1 = 4** |
| | (i) | - | - | (C) नामो निशान मिटाना – सब कुछ नष्ट करना | |
| | (ii) | - | - | (B) दाँतों पसीना आना | |
| | (iii) | - | - | (D) कठिन कार्य करना/संघर्ष करना | |
| | (iv) | - | - | (B) घुड़कियाँ खाना | |
| | (v) | - | - | (A) रंगे हाथों पकड़ना | |
| | (vi) | - | - | (D) चुल्लू भर पानी में डूब मरना | |
| | - | (i) | - | (C) लाज रखना – सम्मान की रक्षा करना | |
| | - | (ii) | - | (A) बाएँ हाथ का खेल | |
| | - | (iii) | - | (A) पता/जानकारी न मिलना | |
| | - | (iv) | - | (A) पापड़ बेलना | |
| | - | (v) | - | (C) कोल्हू का बैल | |
| | - | (vi) | - | (D) सातवें आसमान पर होना | |



Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | - | - | (i) | (A) | सस्ता सौदा – आसान उपाय | |
| | - | - | (ii) | (D) | तलवार खींचना | |
| | - | - | (iii) | (C) | संयोग से सफलता मिलना | |
| | - | - | (iv) | (C) | गाँठ बाँधना | |
| | - | - | (v) | (B) | पाँव जमीन पर न पड़ना | |
| | - | - | (vi) | (A) | सिर पर कफ़न बाँधना | |
| **7** | **7** | **9** | **8** | | **'पठित पद्यांश'** पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर : | **5 x 1** |
| | (i) | (i) | (i) | (D) | ईश्वर की सर्वव्यापकता का | **= 5** |
| | (ii) | (ii) | (ii) | (A) | अहंकार की भावना | |
| | (iii) | (iii) | (iii) | (C) | जब तक अहंकारपूर्ण व्यवहार का नाश न किया जाए। | |
| | (iv) | (iv) | (iv) | (A) | प्रभु प्रेम के प्रकाश का | |
| | (v) | (v) | (v) | (C) | कथन सही है, लेकिन कारण उसकी गलत व्याख्या करता है। | |
| **8** | **8** | **10** | **7** | | **'काव्य खंड'** पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर : | **2 x 1** |
| | (i) | - | - | (B) | मानव जीवन की सार्थकता सबको साथ लेकर चलने में है। | **= 2** |
| | (ii) | - | - | (B) | धरती माता की पवित्रता नष्ट करने वालों की | |
| | - | (i) | - | (C) | परस्परावलंब से उठो तथा बढ़ो सभी | |
| | - | (ii) | - | (A) | पर्वत | |
| | - | - | (i) | (C) | अनर्थ है कि बंधु ही न बंधु की व्यथा हरे। | |
| | - | - | (ii) | (B) | पर्वतों के यश का गुणगान कर रहे हैं। | |
| **9** | **9** | **7** | **10** | | **'पठित गद्यांश'** पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर : | **5 x 1** |
| | (i) | (i) | (i) | (C) | वसुधैव कुटुम्बकम् की भावना समाप्त हो गई है। | **= 5** |
| | (ii) | (ii) | (ii) | (A) | फ़्लैट संस्कृति की ओर | |
| | (iii) | (iii) | (iii) | (D) | खनिज पदार्थों का मनमाना दोहन किया गया। | |
| | (iv) | (iv) | (iv) | (C) | मानव और प्रकृति के बीच असंतुलन का | |
| | (v) | (v) | (v) | (C) | कथन सही है, लेकिन कारण उसकी गलत व्याख्या करता है। | |
| **10** | **10** | **8** | **9** | | **'गद्य खंड'** पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर : | **2 x 1** |
| | (i) | (i) | (i) | (D) | दर्शकों का भावनात्मक शोषण करने हेतु | **= 2** |
| | (ii) | (ii) | (ii) | (B) | बड़े भाई साहब की डाँट-फटकार | |



Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | **खंड - 'ब'**<br>**(वर्णनात्मक प्रश्न)** | |
| **11** | **11** | **11** | **12** | **'गद्य खंड'** पर आधारित किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में अपेक्षित – | **2 x 3**<br>**= 6** |
| | (क) | - | - | • इस पंक्ति के माध्यम से बड़े भाई पर कटाक्ष /व्यंग्य<br>• बड़े भाई साहब का एक ही कक्षा में दो-दो, तीन-तीन साल लगाना<br>• शिक्षा जैसे अति महत्त्वपूर्ण विषय में कोई जल्दबाज़ी न करना | **3** |
| | (ख) | - | - | • कैमरे की रील पर जीवन का यथार्थ चित्रण<br>• फ़िल्म में कविता जैसी संवेदना एवं भाव प्रवणता<br>• कहानी को एक कवि हृदय ने पूरी मार्मिकता के साथ सिनेमा के परदे पर उतारा<br>• कविता जैसी सहजता, कोमलता, सूक्ष्मता का चित्रण | **3** |
| | (ग) | - | - | • खेमे तक अकेले आने की निडरता<br>• खेमे में घुसकर कारतूस लेने का जोखिम उठाना<br>• अपना परिचय स्वयं देने का साहस<br>• कर्नल का उसकी जाँबाजी से प्रभावित होना | **3** |
| | - | (क) | - | • मकान की मजबूती के लिए उसकी नींव का मजबूत होना जरूरी<br>• जीवन रूपी भवन की मजबूती के लिए शिक्षा रूपी नींव का मजबूत होना आवश्यक<br>• इस कथन के माध्यम से बड़े भाई साहब पर कटाक्ष / व्यंग्य | **3** |
| | - | (ख) | - | • राजकपूर द्वारा असफलता के खतरे से आगाह किए जाने पर भी फ़िल्म का निर्माण<br>• फ़िल्म की सफलता के लिए अपनी रचनात्मकता के साथ समझौता न करना | **3** |



Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | • फ़िल्म को लोक तत्त्वों से जोड़कर जीवन-सापेक्ष बनाना<br>• धन और यश की अपेक्षा आत्म संतुष्टि की चाह | |
| | - | (ग) | - | • वज़ीर अली को न देख पाने के बावजूद भी उसके कारनामों से भयभीत<br>• हफ़्तों से गोरखपुर के जंगलों में खेमा डाले रहने के बाद भी वज़ीर अली को न पकड़ पाना<br>• सिपाहियों का तंग आना | 3 |
| | - | - | **(क)** | • सफल व्यक्ति वही है जो हर बार सफलता प्राप्त करे<br>• बिना परिश्रम के जीवन में कभी-कभी ही सफलता मिलना<br>• बड़े भाई साहब के अनुसार छोटे भाई का कक्षा में प्रथम आना संयोग मात्र<br>• निरंतर प्रयास और अथक परिश्रम से ही सफलता संभव | **3** |
| | - | - | **(ख)** | • भाव, पात्र और भाषा के स्तर पर कहानी के साथ न्याय<br>• कहानी के लेखक (फणीश्वरनाथ रेणु) द्वारा ही फिल्म की पटकथा का लिखा जाना<br>• आँचलिकता/लोक तत्त्व/ग्रामीण जीवन का यथार्थ चित्रण<br>• प्रभावशाली पात्रानुकूल अभिनय | **3** |
| | - | - | **(ग)** | <u>पात्र का नाम -</u><br>• वज़ीर अली (विद्यार्थी द्वारा अन्य पात्र का चयन भी स्वीकार्य)<br><u>विशेषता -</u><br>• जाँबाजी/देशभक्ति/निडरता/चतुराई/स्वाभिमानी/वीरता/साहस/ नेतृत्व क्षमता आदि<br><u>क्यों -</u><br>• जीवन संघर्षों का वीरतापूर्वक सामना करना<br>(अन्य उचित उत्तर भी स्वीकार्य) | **1+1+ 1=3** |



Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 12 | 12 | 12 | 11 | **'काव्य खंड'** पर आधारित किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में अपेक्षित – | **2 x 3 = 6** |
| | (क) | (क) | (क) | • मौसम संबंधी कठिनाइयाँ<br>• दुर्गम पर्वतीय क्षेत्रों में लंबे समय तक तैनाती<br>• किसी भी क्षण मृत्यु से सामना | **3** |
| | (ख) | (ख) | (ख) | <u>महत्त्व-</u><br>• विरासत में मिली वस्तुएँ पूर्वजों के स्मृति चिह्न<br>• इतिहास, परंपरा और संस्कृति से भावी पीढ़ी का परिचय<br><u>क्यों-</u><br>• पूर्वजों के त्याग और बलिदान से प्रेरणा<br>• अतीत की घटनाओं से सीख लेते हुए गलतियाँ न दोहराना | **1+2= 3** |
| | (ग) | (ग) | (ग) | <u>कौन-सा रूप-</u><br>• भगवान के भक्तवत्सल/भक्तरक्षक रूप का<br><u>क्यों-</u><br>• भक्तों की पुकार सुनकर उनके कष्टों को हरना<br>• मीरा द्वारा अपने कष्टों को भी दूर करने की अभिलाषा | **1+2= 3** |
| 13 | 13 | 13 | 13 | **'पूरक पाठ्य-पुस्तक'** पर आधारित किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में अपेक्षित – | **2 x 3 = 6** |
| | (क) | (क) | (क) | <u>कितना उचित-</u><br>• महंत द्वारा इस तरह का व्यवहार अनैतिक और सर्वथा अनुचित<br><u>तर्क-</u><br>• स्वार्थ सिद्धि के लिए किसी भी प्रकार के अपराध का सहारा लेना गलत<br>• धर्म के नाम पर छल/धोखा/असामाजिक कार्यों की अनुमति नहीं<br>• अमानवीय व्यवहार<br>(विद्यार्थी की संदर्भगत समझ और अभिव्यक्ति के आधार पर मुक्त उत्तर भी स्वीकार्य) | **3** |



Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | (ख) | (ख) | (ख) | • वैचारिक समानता,आपसी समझ<br>• प्रेम का संबंध भावनाओं से, उम्र से नहीं<br>• हरिहर काका और लेखक, टोपी और इफ़्फ़न की दादी, टोपी और उनके घर में काम करने वाली सहायिका सीता के बीच उम्र का फासला फिर भी दोनों के बीच पारस्परिक आत्मीय संबंध | **3** |
| | (ग) | (ग) | (ग) | अप्रिय क्यों-<br>• खेलों में अत्यधिक रुचि के कारण पढ़ाई की उपेक्षा<br>• बच्चों के भविष्य को लेकर चिंतित<br>• खेलों में कोई निश्चित रोज़गार दिखाई न देना<br>महत्त्व-<br>• शारीरिक, मानसिक और सामाजिक विकास<br>जीवन-मूल्य-<br>• सहनशीलता, अनुशासन, धैर्य, सहयोग, सकारात्मकता आदि। | **1+1+ 1=3** |
| **14** | **14** | **14** | **14** | किसी **एक** विषय पर संकेत-बिंदुओं के आधार पर लगभग 100 शब्दों में अनुच्छेद लेखन :<br>• विषय-वस्तु – 3 अंक<br>• भाषा – 1 अंक<br>• प्रस्तुति – 1 अंक | **1 x 5 = 5** |
| **15** | **15** | **16** | **17** | किसी **एक** विषय पर लगभग 100 शब्दों में औपचारिक पत्र लेखन:<br>• आरंभ व अंत की औपचारिकताएँ – 1 अंक<br>• विषय-वस्तु – 3 अंक<br>• भाषा – 1 अंक | **1 x 5 = 5** |
| **16** | **16** | **17** | **15** | किसी **एक** विषय पर लगभग 60 शब्दों में सूचना लेखन:<br>• विषय-वस्तु – 2 अंक<br>• प्रस्तुति – 1 अंक<br>• भाषा – 1 अंक | **1 x 4 = 4** |
| **17** | **17** | **15** | **16** | किसी **एक** विषय पर लगभग 40 शब्दों में विज्ञापन :<br>• विषय-वस्तु – 1 अंक<br>• प्रस्तुति – 1 अंक<br>• भाषा – 1 अंक | **1 x 3 = 3** |



Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| **18** | **18** | **18** | **18** | लगभग 100 शब्दों में लघुकथा **अथवा** ई-मेल लेखन :<br>लघुकथा लेखन –<br>• विषय-वस्तु – 3 अंक<br>• भाषा – 1 अंक<br>• प्रभाव – 1 अंक<br><br>**अथवा**<br><br>अनौपचारिक ई-मेल लेखन-<br>• औपचारिकताएँ – 1 अंक<br>• विषय-वस्तु – 2 अंक<br>• प्रस्तुति – 1 अंक<br>• भाषा – 1 अंक<br><br>**नोट – पाठ्यक्रम में औपचारिक ई-मेल लेखन है जबकि प्रश्न पत्र में अनौपचारिक ई-मेल लेखन पूछा गया है। अतः प्रारूप को ध्यान में रखते हुए पूरे अंक दिए जाएँ।** | **1 x 5<br>= 5** |



**Get More Learning Materials Here :** CLICK HERE www.studentbro.in